**एक नजर में**

## कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली



**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री नारायन ने गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि जिले की प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सभी मामलों की नियमित निगरानी की जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर सेवाएं प्राप्त हो सकें। बैठक में अति गंभीर कुपोषित (सेम) एवं कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को आवश्यकता के अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराने तथा एनआरसी में उपलब्ध पोषण एवं अन्य व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने जिले में जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की जानकारी तत्काल लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे भवनों में किसी भी स्थिति में बच्चों को न बैठाया जाए। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए वैकल्पिक सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे सहित जिले के समस्त परियोजना अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, हितग्राहियों तक सेवाओं की पहुंच तथा पोषण संबंधी गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिये पंजीयन 15 जून तक

**छिंदवाड़ा।** म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) की ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 25 मई 2026 से 15 जून 2026 तक पंजीयन किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूं के ई-उपार्जन पोर्टल पर दिनांक 23 जनवरी 2026 के माध्यम से पंजीयन संबंधी विस्तृत परिपत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। जिला उपार्जन समिति की सहमति उपरांत कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उत्पादक कृषकों के पंजीयन हेतु 25 मई 2026 से 15 जून 2026 तक कुल 19 पंजीयन केंद्र तथा जिला पांढुर्णा के लिये 02 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन पंजीयन केंद्रों पर शासन द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द पंजीयन नीति के निर्देशानुसार किसानों के पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। निर्धारित केंद्रों में तहसील छिंदवाड़ा के 2, चौरई के 4, चांद के 2, अमरवाड़ा के 3, तामिया के 2 एवं मोहखेड़, हर्रई, परासिया, उमरेठ, जुन्नारदेव व बिछुआ में एक-एक तथा जिला पांढुर्णा के लिये तहसील पांढुर्णा व सौंसर में एक-एक सहकारी संस्थाएं एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सांख सहकारी समितियां शामिल हैं। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रीष्मकालीन मूँग, उड़द की बोनी करने वाले किसानों से 15 जून के पहले पंजीयन अवश्य कराने की अपील की है।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने गंभीर मरीज को दिलाई 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि


**छिंदवाड़ा।** संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 1 मरीज को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह आर्थिक सहायता राषि मिलने से नागपुर के अस्पताल में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीज का बेहतर इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर बिमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता राषि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिस आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गांगीवाड़ा निवासी नीलेश पिता नन्ना यदुवंशी को 50 हजार की राशि स्वीकृत की है, मरीज का इलाज नागपुर के अस्पताल में होगा। गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू से उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान कई लोगों द्वारा बिमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी तत्काल ही कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ित मरीज का प्राइवेट अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा।

**समस्या** | चार माह से मानदेय नहीं मिलने पर आशा कार्यकर्ता आंदोलन पर, स्वास्थ्य व्यवस्था की खुली पोल

# अस्पताल नहीं पहुंच सकी प्रसूता, घर में गूंजी किलकारी

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 4 जून, ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल अब सीधे गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा पर असर डालने लगी है। मोहखेड़ विकासखंड की ग्राम पंचायत नवलगांव के रैयपुरा गांव में एक गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने के कारण घर पर ही प्रसव कराना पड़ा। गनीमत रही कि जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, लेकिन इस घटना ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है।**



रैयपुरा के गांव की रहने वाली आशा कार्यकर्ता मंगला उइके ने बताया कि उनके गानव में सुनंदा बडखाने (30 वर्ष), पति ओमप्रकाश बडखाने को मंगलवार 3 जून की सुबह करीब 9 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस सेवा को सूचना दी और अस्पताल ले जाने की तैयारी की, लेकिन वाहन समय पर नहीं पहुंच सका। प्रसव पीड़ा लगातार बढ़ती गई और आखिरकार सुनंदा ने अपने घर पर ही एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। ग्रामीणों के अनुसार सूचना मिलने के बाद भी एंबुलेंस करीब आधे घंटे बाद गांव पहुंची। तब तक प्रसव हो चुका था और घर में नवजात की किलकारी गूंज चुकी थी। बाद में एबुलेंस वाहन से समीपस्थ बिछुआ के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहा पर जच्चा-बच्चा ठीक है.श्रीमति उइके ने बताया कि कभी गांव में होम डिलीवरी नही हुई है.

### हड़ताल ने बढ़ाई चिंता

इस घटना के बाद गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रसव के दौरान कोई जटिलता उत्पन्न हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गांवों में गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी, समय पर जांच, टीकाकरण और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने में आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहती है। उनकी हड़ताल का सीधा असर अब सामने आने लगा है।

### चार माह से नहीं मिला मानदेय

ग्राम की आशा कार्यकर्ता मंगला उइके ने बताया कि आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं को पिछले चार माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। बार-बार मांग उठाने के बावजूद शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते प्रदेशभर में हड़ताल जारी है।उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा संभालती हैं, लेकिन उन्हें समय पर मेहनताना नहीं मिल रहा है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

रैयपुरा गांव की यह घटना केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र की कमजोर होती कड़ियों की ओर इशारा करती है। जहां एक ओर सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं की समस्याएं अनसुनी बनी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही आशा कार्यकर्ताओं की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो ऐसे मामलों की संख्या बढ़ सकती है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने के प्रयासों को भी झटका लग सकता है।

### इनका कहना है

आशा कार्यकर्ताओ की हड़ताल चल रही है.साथ ही एबुंलेंस वाहन लेट पहुचा था.जो वर्तमान में अस्पताल में एडमिट है जहा पर जच्चा-बच्चा ठीक है।

**दमोदर वानखड़े, सेक्टर सुपरवाइजर सारंगबिहरी**

## सागौन लकड़ी सहित चार आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 4 जून, वन परिक्षेत्र कुंभपानी बफर अंतर्गत वन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से सागौन लकड़ी का परिवहन कर रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सागौन लट्ठे एवं दो मोटरसाइकिल जब्त की हैं।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03-04 जून 2026 की दरम्यानी रात्रि में गश्ती के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बंधानमाल से खमरियामाल मार्ग पर कुछ व्यक्ति अवैध रूप से सागौन लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त रूप से गश्त कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम बंधानमाल के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार व्यक्ति सागौन लट्ठे ले जाते हुए दिखाई दिए। टीम द्वारा उनका पीछा कर ग्राम खमरियामाल के पास घेराबंदी कर रोक लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विशाल पिता गोदन सरठे, भीम पिता मिट्ठू इनवाती, धर्मेन्द्र पिता धनीराम खानवे तथा सीम पिता गोदन सरठे, सभी निवासी ग्राम बंधानमाल, बताए।

मौके से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी -28-डब्ल्यू-8982 एवं हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी -28-डब्ल्यू-3388 सहित 03 नग सागौन लट्ठे (कुल 0.148 घनमीटर) जब्त किए गए। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 46081/23 दिनांक 04 जून 2026 को पंजीबद्ध कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(क) तथा मध्यप्रदेश वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5(1)(ग) के तहत कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में सुनील कुमार कुमरे (परिक्षेत्र सहायक सिंगारदीप), कन्हैयालाल धुर्वे, पवन सहरिया, रंजीत सिंह रघुवंशी (वनरक्षक) एवं सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। साथ ही पुलिस थाना बिछुआ के अधिकारी एवं कर्मचारियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

## सोसाइटियों से किसानों को नगद में मिले खाद : किसान कांग्रेस

### किसानों के लिये ई-टोकन खाद प्रणाली मुसीबत बनी

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 4 जून, किसानों के लिए ई-टोकन प्रणाली से खाद उपलब्ध कराना किसानों के लिए मुसीबत बन चुका है। किसानों को हो रही असुविधा और दुविधा को लेकर किसान कांग्रेस ने किसानहित में आवश्यक मांग करते हुए इस प्रणाली में सुधार की अपेक्षा मप्र की भाजपा सरकार से की है ताकि किसान भाइयों को सुलभता से खाद मिल सके।**

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों को खाद वितरण के लिये जबसे ई-टोकन खाद वितरण प्रणाली लागू की गई है तबसे खाद लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। टोकन मिलने के बाद भी खाद प्राप्त नहीं हो पा रही है और उन्हें 1 सप्ताह तक इंतजार करना पड़ रहा है और लाईन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है। निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद दिया जा रहा। दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के पास स्मार्ट फोन न होने के कारण वे खाद लेने के लिये ई-टोकन के लिये आवेदन नहीं कर पा रहे। जबकि ऑनलाइन व्यवस्था और अन्य कार्यो के लिये नियम कानून बनाने से भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक जिले में तहसील स्तर पर नगद में खाद प्राप्त हो सके इसलिये नगद खाद विक्रय केन्द्र तहसील स्तर पर खोले जाने चाहिये। किसानों के कार्य करने के लिये सेवा सहकारी समिति बनी हुई है लेकिन प्रदेश में सोसाइटी में नगद खाद देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ई-टोकन खाद प्रणाली में असुविधाओं को देखते हुए उसे बंद किया जाकर उसके स्थान पर तहसील स्तर पर नगद खाद विक्रय केन्द्र प्रारंभ किये जाए और पावती के रकबे के आधार पर खाद प्रदान की जाए। सेवा सहकारी समितियों में खाद विक्रय पर जो प्रतिबंध लगा है उसे खरीफ फसल की बोवनी को देखते हुये तुरंत हटाकर नगद खाद उपलब्ध कराया जाने हेतु किसान कांग्रेस की ओर से केन्द्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री और कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित किया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा करेगी जिले के सभी मंडलों में वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 4 जून, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जून से 21 जून तक देशव्यापी स्तर पर विभिन्न जनसंपर्क, जनजागरण एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छिंदवाड़ा जिले में भी भाजपा द्वारा व्यापक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के नेतृत्व में 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के विषय को केंद्र में रखकर जिले के सभी मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान, 12 से 18 जून तक जनकल्याण शिविर, 15 से 18 जून तक सभागार बैठकें, 19 एवं 20 जून को प्राकृतिक कृषि कार्यशालाएं तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी मंडलों में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों से होगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण मानव जीवन के आधार हैं। स्वच्छ वायु, शुद्ध जल एवं हरित वातावरण के बिना स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक आज

छिन्दवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन भाजपा कार्यालय छिन्दवाड़ा में 5 जून को शाम 4 बजे किया गया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक ने बताया कि भाजपा कार्यालय में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त


**न्यायालय तहसीलदार छिंदवाड़ा नगर-3**

**// इश्तेहार //**

रा0प्र0क0 245/अ-6/2026-27

मौजा - बोरिया

चूंकि आवेदक संतलाल उईके पिता स्व0 हरिचंद उईके निवासी सालई तह. बरघाट द्वारा मौजा बोरिया पटवारी हल्का नंबर राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा नगर-3 स्थित खसरा नंबर 216/2 रकबा 0.509 हे0 भूमि के खातेदार हरिचंद पिता मोतीलाल उईके की दिनांक 17-2-2026 को मृत्यु होने से नाम विलोपित कर फौत खातेदार के वारसान रमोला विधवा हरिचंद, पुत्री नहीं संतलाल पिता हरिचंद का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनपत्र लोक सेवा केन्द्र छिन्दवाड़ा का पंजीयन क्रमांक आर एस 455/0760/3146/2026 दिनांक 16-5-2026 के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा बोरिया पटवारी हल्का नंबर राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाडा नगर-3 स्थित खसरा नंबर 216/2 रकबा 0.509 हे0 भूमि के खातेदार हरिबंद पिता मोतीलाल उईके का नाम विलोपित कर फौत खातेदार के वारसान रमोला विधवा हरिचंद, संतलाल पिता हरिचंद का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने में यदि कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15-6-2026 को स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 1-5-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार नगर**
**छिन्दवाड़ा**


## शंकर वन धाम में भव्य मंदिर निर्माण जारी

नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 4 जून, नगर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले शंकर वन धाम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य को गति देने के लिए निधि समर्पण एवं जनसंपर्क अभियान जोर-शोर से प्रारंभ कर दिया गया है। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले इस विशाल मंदिर को क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के रूप में विकसित किया जाएगा।**



इसी क्रम में ओम श्री शिवमंदिर शंकरवनधाम समिति, बिछुआ द्वारा वार्ड क्रमांक 14 में जनसंपर्क यात्रा एवं सहयोग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ आज शाम 5 बजे श्रीराम मंदिर परिसर से होगा, जहां समिति के सदस्य, श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी नागरिक एकत्रित होकर घर-घर पहुंचकर मंदिर निर्माण हेतु जनसहयोग का आह्वान करेंगे।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शंकर वन धाम का यह भव्य मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। मंदिर परिसर में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। निर्माण कार्य में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार निधि समर्पण अभियान चलाया जाएगा।

समिति ने सभी शिवभक्तों एवं रामभक्तों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील करते हुए कहा कि जैसे भगवान श्रीराम के सेतु निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण था, उसी प्रकार शंकर वन धाम मंदिर निर्माण में भी हर श्रद्धालु की सहभागिता अमूल्य है।

## आरसेटी के सिलाई प्रशिक्षणार्थियों ने किया एफडीडीआई छिंदवाड़ा का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 4 जून, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण गुरुवार को फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया।**

भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को परिधान, फैशन डिज़ाइन तथा उद्योग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, डिज़ाइन स्टूडियो और प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया। एफडीडीआई के अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों ने उन्हें फैशन डिज़ाइन, फुटवियर डिज़ाइन, उत्पाद विकास तथा उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। संस्थान द्वारा फैशन, फुटवियर एवं रिटेल प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई।


**भारतीय खाद्य निगम**

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E- mail:- srmmp.fci@nic.in

ROMP-20016/1/2025-Coord-ROMP /369536 Date-05.06.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) के तहत उचित मूल्य की दुकानों (FPS) के लिए, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश) के लिए हर मौसम में चलने वाले, फटने से बचाने वाले सिंथेटिक, सेल्फ-एडहेसिव, मैट लैमिनेटेड, वॉटरप्रूफ और रंग न उड़ने वाले पोस्टरों (इको सॉल्वेंट ट्रांसपेरेंट विनाइल) की डिज़ाइनिंग, प्रिंटिंग और डिलीवरी के लिए** निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**


**आरोप** | बंटवारा आवेदन लंबित होने से परेशान किसान ने लगाई गुहार, पांच हजार रुपये मांगने का आरोप

# पटवारी पर रिश्वत मांगने का आरोप, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज

नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 4 जून, तहसील क्षेत्र मोहखेड़ में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। ग्राम मोहखेड़ निवासी एक किसान ने पटवारी पर बंटवारा प्रकरण में कार्रवाई के नाम पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज होने के बाद मामला जांच के लिए राजस्व विभाग को भेज दिया गया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहखेड़ निवासी टीकाराम डोंगरे ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत क्रमांक 38716192 दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने अपने भूमि बंटवारे के लिए 9 दिसंबर 2025 को आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन के कई माह बीत जाने के बाद भी बंटवारा प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित पटवारी द्वारा बंटवारा कार्य करने के एवज में 5 हजार रुपये की मांग की गई। रुपये नहीं देने पर प्रकरण को लंबित रखा गया और लगातार टालमटोल की जाती रही। इससे परेशान होकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का सहारा लिया।

### शिकायत में क्या कहा गया

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत के अनुसार आवेदक ने बताया कि बंटवारा कराने के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था, लेकिन कई बार संपर्क करने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा शीघ्र बंटवारा कराने की मांग की है।

### राजस्व विभाग को भेजा गया मामला

सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार शिकायत का विषय बंटवारा उपरांत नक्शा बंटांकन/तत्संबंधी राजस्व मामले दर्ज किया गया है। वर्तमान में शिकायत का निराकरण राजस्व विभाग स्तर पर लंबित बताया गया है तथा संबंधित अधिकारी को मामले की जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्रामीणों में चर्चा का विषय

पटवारी पर रिश्वत मांगने के आरोप और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं.39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर-07162-222346
ई-मेल-commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईटः- chhindwaranagarnigam.com

-00 निविदा सूचना 00-

क्रमांक / 1290 / लोनिवि/नपानि/2026-27 छिन्दवाडा दिनांक 03/06/2026

एतद द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2006-UAD- 5126031 Dated 04/06/2026 | वार्ड क्रमांक 35 में सी सी रोड वेरिंग कोट कार्य कराये जाने बाबत | 1-808129 2-2 माह | 1-2000 2-8082 | 18/06/2026 |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा**